**जसपाल कौर पब्लिक स्कूल**

**हिंदी सप्ताह गतिविधि**

**17.11.20-20 .11.2020**

"निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल|" - **भारतेंदु हरिश्चंद्र**

**जसपाल कौर पब्लिक स्कूल में 17 से 20** नवंबर **तक हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया |जिसका उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्रों में भाषा गत कौशलों का विकास करना था |**

**विषय**

**कक्षा 4 - कठपुतली कथा नगरी**
**कक्षा 5- चरित्र चित्रण**
**कक्षा 6 –' देश मेरा रंगीला' कविता गान प्रतियोगिता**
**कक्षा 7 - कॉमिक बुक सृजन**
**कक्षा 8- विज्ञापन प्रस्तुति**
**कक्षा 9- समाचार प्रस्तुति**
**कक्षा 10- लोक गीत गायन / लोक कथा वाचन**

17 नवंबर को स्वतंत्रता का महत्व प्रकट करते हुए कक्षा- 4 के विद्यार्थियों द्वारा "कठपुतली कथानगरी" गतिविधि प्रस्तुत की गई | जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न पशु-पक्षियों के मुखौटे व पोशाक पहनकर चिड़ियाघर में बंद जानवरों की व्यथा सुनाई|

















हिंदी सप्ताह के अंतर्गत कक्षा-5 के छात्रों ने 17 नवंबर को पात्र चरित्र-चित्रण गतिविधि में हिस्सा लिया । जिस के अंतर्गत छात्रों ने अपनी पाठ्यपुस्तक की कहानियों में से प्रिय पात्रों का चुनाव कर पात्रानुसार वेशभूषा पहन कर अभिनय किया। कक्षा के प्रत्येक छात्र ने इस गतिविधि में उत्साह से भाग लिया |




18 नवंबर को कक्षा-6 के छात्रों ने( देश मेरा रंगीला)कविता पाठ गतिविधि में हिस्सा लिया | इस गतिविधि में भारत के त्योहारों से संबंधित कविताओं को छात्रों ने भारतीय संस्कृति व कला के साथ जोड़ते हुए उनका गायन किया व अनेकता में एकता की भावना को दर्शाया |







18 नवंबर को कक्षा -7 के छात्रों ने कॉमिक बुक सृजन गतिविधि में चित्रकथाओं का निर्माण किया| जिसमें महाभारत के अलग- अलग सन्दर्भों को कॉमिक चित्रण के माध्यम से दर्शाया व विशिष्ट भंगिमाओं एवं दृश्यों को चित्र सहित लघु संवादों द्वारा प्रस्तुत किया |







19 नवंबर को कक्षा-8 के छात्रों ने आज की युग-चेतना की दृष्टि से विभिन्न कौशलों के अंतर्गत विज्ञापन निर्माण द्वारा अपनी रचनात्मक -कल्पना शक्ति का प्रदर्शन किया |उत्पाद के प्रति जागरूकता व मनोरंजन दोनों ही तथ्यों को समान रूप से रोचकता के साथ प्रस्तुत किया |














19 नवंबर को लोकतंत्र के चौथे सुदृढ़ आधार स्तंभ मीडिया को ध्यान में रखते हुए कक्षा - 9 के छात्रों ने समाचार वाचक की भूमिका का निर्वाह किया | जिसमें देश-विदेश की खबरों के साथ ज्वलंत मुद्दों को भी अत्यंत रोचक ढंग से प्रस्तुत किया |











19 नवंबर को कक्षा-10 के छात्रों ने भारत की मिट्टी और उस में बसे लोक जीवन की खुशबू को लोकगीतों व लोक कथाओं के माध्यम से मनोहारी रूप में प्रकट किया |









-